हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 16 दिसंबर 2023

06 याचिकाकर्ता की शिकायत पर एनजीटी न्यायालय...



07 कनेक्टेड केयर हॉस्पिटल सहित 2 ...





## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

**सीहोर।** संभाग स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में किया गया। जिसमें चन्द्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय का दल ने टीम मैनेजर मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में सहभागिता की। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत ऐथेलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धायें आयोजित की गयी जिसमें महाविद्यालय के छात्र राज सिंह ने 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की छात्रा संजना ने 400 एवं 800 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलचन्द्र गुप्ता और कीड़ा प्रभारी वरूण कुमार सिंह ने बधाई दी।

### केंद्रीय छात्रवृत्ति के आवेदन 31 तक आमंत्रित

**सीहोर।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायेजित एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल के माध्याम से महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटीज स्टुडेण्ट की नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

### नपा अमले की समझाइश के बाद मांस और मीट के दुकान संचालकों ने दुकान के सामने ने की आड़

# मुख्यमंत्री के आदेश का असर : दुकानदार पर्दा लगाकर बेचने लगे मांस और मछली

शहर के अलावा जिले के इछावर, नसरुल्लागंज, बुधनी, आष्टा और श्यामपुर में भी प्रशासनिक अमले ने खुले में संचालित मांस और मछली की दुकानों को बंद कराया। साथ ही जो दुकानदार नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्हें कार्रवाई करने चेतावनी दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खुले में बिना अनुमति मांस और मछली बेचने पर रोक के फैसले के बाद शहर में गुरुवार को पहली कार्रवाई की गई है। नपा अमला शहर में निकला और बगैर अनुमति के संचालित हो रही दुकानों को समझाइस दी। मछली पुल के पास मीट मार्केट में पहुंचकर दुकानदारों को समझाइस देकर 24 घंटे का समय दिया था। इसके बाद शुक्रवार को सुबह से दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने मैट का पर्दा लगा लिया और पर्दे में मांस और मछली बेचने शुरू कर दिया है। शहर के अलावा जिले के इछावर, नसरुल्लागंज, बुधनी, आष्टा और श्यामपुर में भी प्रशासनिक अमले ने खुले में संचालित मांस और मछली की दुकानों को बंद कराया। साथ ही जो दुकानदार नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्हें कार्रवाई करने चेतावनी दी।

#### अभी भी कई जगह खुले में बिक रहा मांस

एक ओर जहां मछली और मटन मार्केट में दुकानदार प्रशासन की समझाइस के बाद पर्दे मटन और मुर्गा बेचने लगे हैं। वहीं शहर में इंदौर नाका, मंडी और अन्य क्षेत्रों में खुलेआम मुर्गा और अंडे बेचे जा रहे हैं।






#### 15 से 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा अभियान


प्रदेश में खुले में बिना अनुमति मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। इसके संबंध में 15 दिसम्बर से सभी नगरीय निकायों में मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम-1956 के प्रावधानों के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर ने जिले भर निगरानी दलों का का गठन भी किया है।

#### अवैध अंडा-मुर्गा की दुकानों पर नपं ने की कार्रवाई

**इछावर।** शुक्रवार को नगर पंचायत अमला द्वारा नगर में चल रही बिना लाइसेंस एव अवैध तरीके से दर्जनों अंडा मुर्गा की दुकानों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें हटा दिया गया साथ ही उनको चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा दुकान लगाई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी कार्रवाई में प्रमुख रूप से नगर पंचायत प्रभारी सीएमओ सुरेश कुमार शुक्ला, नपा अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, आनंद कटारिया, अर्जुन परमार, राजेश बाहेती, सहित नगर पंचायत का हमला मौजूद था।



### बुधनी-शाहगंज रोड पर टाइगर को देख उड़े लोगों के होश, सूचना पर वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**बुदनी।** सीहोर जिले के बुधनी में शाहगंज रोड के अंदर जंगल में एक बाघिन को इधर-उधर घूमता देख लोगों के होश उड़ गए। आनन-फानन में इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने बाघिन का सुरक्षित तरीके रेस्क्यू कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले तो बाघिन को पकडऩे के लिए बकरे को स्पॉट पर बांधा गया, ताकि आसानी से वो पकड़ में आ जाए। लेकिन बाघिन ने शिकार नहीं किया। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने ट्रेंक्यूलाइजर कर बाघिन को अपने कब्जे में लिया। बाद में भोपाल वन विहार ले जाया गया। इस संबंध में वन विभाग के एसडीओ सुनील सैनी ने बताया कि बाघिन बूढ़ी और बीमार है और शिकार करने में असमर्थ है। जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बाघिन को भोपाल ले जाया जा रहा है। जांच के बाद और स्थिति मालूम होगी। भले ही बाघिन बूढी और शिकार करने में असमर्थ हो गई हो, लेकिन फिर भी लोगों में दहशत का माहौल था।

### 18 दिसंबर को होगी विश्वकर्मा समाज की बैठक


**सीहोर।** आगामी विश्वकर्मा अवतरण दिवस समारोह फरवरी में मनाया जाना हे उसके उपलक्ष में दिसंबर माह में श्री विश्वकर्मा समाज सेवा समिति सीहोर देवनगर कॉलोनी के तत्वाधान में बैठक का आयोजन 18 दिसंबर के बाद किया जाना है। जिसकी जानकारी आपको मीडिया के माध्यम से दी जाएगी। 18 दिसंबर के पूर्व किसी भी बैठक का आयोजन समिति ने नही किया है सीहोर समिति सचिव ने अनुरोध किया है कि अफवाओं को दरकिनार करें और ध्यान न दें।

## 50 से अधिक बिजली के खंभों पर तारों का जाल सर्विस लाइन में फाल्ट से गुल होती है बिजली

### फाल्ट तलाशने के लिए बिजली कंपनी के अमले को करनी पड़ती है मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में 50 से अधिक बिजली के खंभे ऐसे हैं जिन पर बड़ी संख्या में घरों की सर्विस लाइन के बिजली तार लटके हुए हैं। हालत उस समय खराब हो जाती है जब किसी घर की बिजली चली जाती है और फिर फाल्ट तलाशने के लिए बिजली कंपनी के अमले को मशक्कत कराना पड़ती है। इन खंभों पर इस कदर तार रहते हैं कि यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि किस घर के लिए कौन सा सर्विस वायर गया है। नमक चौराहा पर एक ऐसा बिजली का खंभा लगा है जिस पर दर्जनों घरों के सर्विस तार लटके हुए हैं। समस्या उस समय खड़ी हो जाती है जब किसी भी घर की लाइट जाती है तो उसे ठीक करने जब कर्मचारी आते हैं तो वह इसलिए परेशान हो जाते हैं क्योंकि यह पता ही नहीं चलता कि किस घर का तार कौन सा है। शहर में जिन जगहों पर इस तरह के खंभे हैं उनमें बड़ा बाजार, मेन रोड, गंज क्षेत्र, इंदिरा नगर, स्वदेश नगर, कस्बा क्षेत्र में कई जगह इस तरह की स्थिति दिखाई देगी।



**एक खंभे पर होते हैं कई कनेक्शन :** एक खंभे पर कई सर्विस लाइन के कनेक्शन होते हैं। जब कोई फाल्ट होता है तो बिजली कंपनी का अमला सुधार कार्य करने तो आता है लेकिन समस्या उस समय बड़ी हो जाती है जब एक फाल्ट को सुधारने की जगह दो घरों की बिजली गुल हो जाती है। कई बार तो अमला शिकायतकर्ता की बिजली सुधार कर चला जाता है और जब काफी देर तक लाइट नहीं आती है तो लोगों को पता चलता है कि उनके घर का तार गलती से निकल गया है। इसके बाद फिर से शिकायत करना होती है और फिर अमला आकर समस्या का निदान करता है।

#### ऐसे हो सकता है समाधान


- बिजली के खंभे सड़क के दोनों तरफ लगाए जाएं जिससे कनेक्शन के लिए दूर के खंभे से लाइन डालकर लाने की समस्या खत्म हो जाएगी।
- दोनों तरफ बिजली के खंभे होने से सर्विस लाइन को रोड क्रास भी नहीं करना पड़ेगा।
- आसानी से बिजली का अमला शिकायत का निराकरण कर सकेगा।

### राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव 19 से 21 दिसंबर तक

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 19 से 21 दिसंबर तक तीन दिवसीय इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने बताया कि राज्यस्तरीय बालरंग में प्रदेश के सभी संभागों से लगभग 1000 छात्र-छात्राएं एवं ₹राष्ट्रीय बालरंग₹ में विभिन्न राज्यों के लगभग 500 छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। इस वर्ष बालरंग महोत्सव की थीम ₹आत्मनिर्भर भारत₹ होगी, जिसमें प्रदेश के छात्र-छात्राएं अपने जिले की संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य एवं खानपान आदि को विभिन्न मंचों पर प्रदर्शित करेंगे। लगभग 20 राज्यों से सहभागिता करने आ रहे छात्र-छात्राएं अपने राज्य के लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। राष्ट्रीय बालरंग में उत्कृष्ट लोकनृत्य के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त नृतक दलों को पुरस्कृत किया जाएगा। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने बताया कि राज्यस्तरीय बालरंग में सांस्कृतिक, साहित्यिक, योग, संस्कृत, निशक्तजन एवं मदरसा प्रतियोगिताएं, राष्ट्रीय लोक नृत्य, लघु भारत प्रदर्शनी, विद्यार्थियों द्वारा निर्मित क्रिएटिव क्राफ्ट, गतिविधि आधारित प्रदर्शनी एवं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न जिलों एवं राज्यों के खाद्य पदार्थ की प्रदर्शनी और प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी।

## आज से खरमास प्रारंभ, लग जाएगा विवाह सहित शुभ कार्यों पर विराम

**सीहोर।** देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाह आदि मांगलिक कार्यों का होना शुरू हो जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विवाह लग्न की शुद्धि में शुभ-मुहूर्त का विशेष महत्व होता है। शास्त्रानुसार देवशयनी एकादशी से देवप्रबोधिनी एकादशी तक चार माह विवाह का निषेध होता है पर इन चार महीनों में ही विवाह का निषेध नहीं होता अपितु गुरु-शुक्रास्त, खरमास, होलिकाष्टक और पौष मास की अवधि में भी विवाह वर्जित होता है। इस साल देवप्रबोधिनी एकादशी दिनांक 23 नवंबर को मनाई गई थी। ज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित गणेश शर्मा ने बताया कि देव उठनी एकादशी से विवाह होना शुरू हो गए, पर 16 दिसंबर से धनु संक्रांति मलमास, खरमास होने के कारण फिर विवाह मुहूर्त का निषेध रहेगा, क्योंकि



दिनांक 16 दिसंबर दिन शनिवार से मलमास खरमास का प्रारंभ हो जाएगा जो 14 जनवरी तक रहेगा। इस अवधि के अतिरिक्त 27 दिसंबर से दिन बुधवार से पौष मास का प्रारंभ होगा जो दिनांक 25 जनवरी तक रहेगा। पौष मास में भी विवाह मुहूर्त का निषेध होता है। देवप्रबोधिनी एकादशी से 16 दिसंबर तक ही विवाह मुहूर्त बनेंगे तत्पश्चात मलमास व खरमास की अवधि बीत जाने के उपरांत दिनांक 25 जनवरी के बाद ही शुभ विवाह मुहूर्त बनेंगे।

अतः ज्योतिष शास्त्रानुसार 16 दिसंबर से 25 जनवरी की अवधि में विवाह मुहूर्त वर्जित रहेंगे। पंडित गणेश शर्मा के अनुसार खरमास में 16 दिसंबर शनिवार को सूर्य का धनु राशि में गोचर होगा तभी से खरमास यानी मलमास प्रारंभ हो जाएगा। खरमास में किसी भी तरह का कोई मांगलिक कार्य जैसे विवाह, यज्ञोपवीत, गृह प्रवेश, मकान निर्माण, नया व्यापार या किसी भी तरह का कोई भी संस्कार नहीं करते हैं। इसी के साथ ही कई तरह के नियमों का पालन करते हैं, जिसमें तुलसी के नियम भी होते हैं।

## वसूली के लिए नपा अब बकायादारों की संपत्ति कुर्क करेगी

**सीहोर।** जलकर एवं संपत्तिकर की करोड़ों की वसूली के लिए नपा अब बकायादारों की संपत्ति कुर्क करेगी। नगरीय प्रशासन आयुक्त द्वारा दिए आदेश के बाद कर वसूली के लिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्यादा से ज्यादा बकाया वसूल करने की हिदायत दी गई है। प्रभावी कार्रवाई न होने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई करने को कहा गया है।

इसको लेकर शुक्रवार को नगर पालिका के सभाकक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक के दौरान क्षेत्र के वार्ड पार्षदों के अलावा नगर पालिका सीएमओ, आरआई सहित अन्य नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। आरआई रमेश यादव ने बताया कि नगर पालिका द्वारा संपत्तिकर के करीब 19 करोड़ रुपए बकाया राशि वसूल है, इसके अलावा जलकर के करीब चार करोड़ रुपए की राशि बकाया है।



नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित के द्वारा वसूली को लेकर सख्त निर्देश आरआई आदि को दिए गए है। बकाया राशि देने वालों की सूची बनाई गई है। अधिकारियों का कहना है कि कई बकायादार ऐसे है वे चाहें तो नपा की बकाया राशि तत्काल चुकाने में सक्षम हैं। इसके बाद भी उनके कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। नगर पालिका परिषद में जलकर एवं संपत्तिकर की बकाया राशि का भुगतान नहीं करने वालो पर अब नपा ने कार्रवाई करना शुरू कर करने जा रही है। शुक्रवार को नगर पालिका ने बकाया टैक्स नहीं देने वाले के खिलाफ बैठक में निर्देश दिए है। इन्हीं निर्देशों का पालन करते हुए वार्ड स्तर पर कड़ाई से कार्रवाई होने जा रही है। इन निर्देशों के चलते अब नपा द्वारा बकायादारों की सूची तैयार की जा रही है। प्रशासनिक कार्रवाई से बचने के लिए अब नपा उनकी संपत्ति कुर्क करने की तैयारी कर रही है। कुर्की अभियान शीघ्र शुरु हो सकता है। सीएमओ श्री दीक्षित का कहना है कि मांग के अनुसार नपा को हर साल कर मिलता जाए तो कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलेगा और विकास की गति बढ़ती जाएगी।

### पेंशनरों को नहीं दिया जा रहा 32 माह का डीए, एरियर्स

**सीहोर।** छठे वेतनमान की 1 जनवरी 2006 से राहत राशि देना था, जो नहीं दी गई। 1 सितंबर 2008 से डीए का भुगतान किया गया। इस प्रकार पेंशनरों का 32 माह का डीए एरियर्स राशि पेंशनरों को नहीं दी जा रही है। इसे लेकर मप्र पेंशनर्स समाज ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। पेंशनर्स समाज के सीहोर जिलाध्यक्ष सुंदरलाल राठौर ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष केएल बैरागी एवं सीहोर जिला पेंशनर्स समाज के संरक्षक राममूर्ति शर्मा ने बताया कि पेंशनरों में काफी समय से असंतोष था, क्योंकि इस अवधि में डीए एरियर्स की मांग को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को कई ज्ञापन दिए गए थे लेकिन शासन द्वारा पेंशनरों के डीए के संबंध में कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं करते हुए डीए का भुगतान नहीं किया गया। डीए एरियर्स की मांग को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को ज्ञापन दिए गए, लेकिन शासन द्वारा पेंशनरों को डीए के संबंध में कोई संतोषजनक कार्रवाई ना करते हुए डीए का भुगतान नहीं किया।

### जल संकट : कोलीपुरा रोड निर्माण शुरू होने के बाद से 6 बार क्षतिग्रस्त हुई सप्लाई लाइन

## पुलिया के पास पाइप लाइन में लीकेज से पानी हो रहा बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

झागरिया जोड़ से कोलीपुरा तक बनाए जा रहे फोरलेन निर्माण के दौरान कई बार पानी की सप्लाई लाइन टूट चुकी है। पिछले तीन दिन से एक बार फिर पुलिया के पास से लाइन में लीकेज हो रहा है। इससे काफी पानी की बर्बादी हो रही है। इसकी मरम्मत अभी तक नहीं हो सकी है। यहां पर हर रोज सप्लाई के समय काफी पानी बहता रहता है।

एक साल से झागरिया जोड़ से कोलीपुरा तिराहे तक इस मार्ग को चौड़ा करने का काम चल रहा है। इसे फोरलेन बनाया जा रहा है।

यहां पर एक छोटी पुलिया थी जिसे बनाया जाना था। इसका काम कई महीनों से चल रहा है लेकिन यह अभी तक बनकर पूरी नहीं हो सकी है। जब यहां पर पुलिया बनाई जा रही थी तो यहां पर खुदाई के दौरान करीब 6 बार पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई। इससे काफी पानी की बर्बादी हुई थी। अब फिर से यहां पर पानी लीकेज हो रहा है। यहां पर काफी पानी बर्बाद हो रहा है।



#### शहर में कई जगह इस तरह की स्थिति

शहर में इस तरह से पानी की बर्बादी कई जगह हो रही है। इन लीकेज को यदि ठीक कर दिया जाता है तो काफी पानी की बचत हो सकती है। अभी भी कई जगह लीकेज की समस्या बनी हुई है।

#### हर रोज होते हैं 5 से 6 जगहों पर लीकेज

शहर में हर रोज पांच से छह जगहों पर लीकेज की समस्या होती है। कहीं भारी वाहनों के कारण पाइप लाइन के दब जाने से लीकेज की समस्या होती है तो कई जगह पुरानी लाइन होने से भी यह समस्या होती है। नगर पालिका के पास अमला भी कम है। ऐसे में समस्या होती है। यह अमला प्रतिदिन दो से तीन लीकेज को ठीक कर पाता है। ऐसे में लीकेज की संख्या बढ़ती जा रही है।

### जिला अस्पताल सीहोर ने स्वयंसेवकों को एड्स जागरुकता के लिए किया सम्मानित




**सीहोर।** शासकीय जिला अस्पताल सीहोर द्वारा लेट कम्यूनिटी लीड विषय पर एड्स जागरूकता पखवाडा सीहोर जिले में 1 से 15 तारीख तक आयोजित किया जिसमें जिले भर में एड्स पखवाडे के अन्तर्गत विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला अस्पताल द्वारा एड्स पखवाड़े का समापन महात्मा गांधी महाविद्याल सीहोर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की संचालक श्रीमति ज्योती शर्मा एवं शासकीय जिला अस्पताल सीहोर के डॉ.कुलदीप तिग्गा ने की जिसमें स्वयंसेवकों को एड्स जागरूकता हेतु जागरूक किया गया साथ ही कार्यक्रम में एक क्विज़ भी खेला गया जिसमे प्रथम स्थान राष्ट्रीय शिविरार्थी आशीष मेवाड़ा स्थान श्रद्धा मेवाड़ा एवं तृतीय स्थान गिरिराज ने प्राप्त किया।कार्यक्रम के अंत मे पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कार किया गया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय से डॉ. कामिनी,पुष्पा साहू,रजत राठौर राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता अभिषेक विश्वकर्मा राष्ट्रीय शिविरार्थी आशीष मेवाड़ा,शिवानी प्रजापति, अमित शर्मा,आदित्य गौर,यशराज चौहान,श्रद्धा मेवाड़ा दीपिका मेवाड़ा वैष्णवी मेवाडा नैंसी सहित 90 से अधिक मौजूद स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### विवाह पंचमी पर मनेगा भगवान श्रीराम-सीता का विवाह महोत्सव

**सीहोर।** शहर के इतिहास में पहली बार विवाह पंचमी पर भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह महोत्सव होने जा रहा है। आयोजन शहर के श्रीराम मंदिर राठौर समाज कस्बा में किया जाएगा। इसे लेकर शहरवासियों को कार्ड का वितरण भी किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के आलेख राज राठौर ने बताया कि हंसदास मठ सिद्धपुर सीहोर के महंत हरिदाम दास महाराज की प्रेरणा से यह आयोजन किया जा रहा है। विवाह महोत्सव के दौरान बारात निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि भगवान का पाणिग्रहण संस्कार रविवार को दोपहर 2 बजे शहर के कस्बे में किया जाएगा। शाम को बारात निकाली जाएगी। विवाह स्थल कस्बा स्थित श्रीराम मंदिर राठौर समाज धर्मशाला में किया जाएगा। आमंत्रण पत्रिका में आग्रहकर्ता अयोध्या महाराजः इस एतिहासिक आयोजन को सफल बनाए जाने के लिए पत्रिका भेजी जा रही है।

### कलेक्टर ने ध्वनि सीमा जांच कर कार्यवाही के लिए किए दल गठित

# कृषि मंडी में मंदिर के शिखर पर लगे लाउड स्पीकर को समिति ने उतारा

अनुमत्य सीमा का पालन कराने के लिए शिकायत प्राप्त होने पर जांच एवं त्वरित कार्यवाही के लिए उडनदस्ता गठित किया गया है। जिसमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी काम शामिल किया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राज्य शासन के गृह विभाग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण अनुमत्य ध्वनि सीमा के लिए विभिन्न स्थानों को चिन्हित किये गये क्षेत्रों में बडियाखेडी औद्योगिक क्षेत्र, पचामा औद्योगिक क्षेत्र, माना औद्योगिक क्षेत्र, लाचोर औद्योगिक क्षेत्र, औद्योगिक संस्थान मंडी, लुनियापुरा सीहोर, ग्रामीण कर्मशाला आष्टा, इछावर औद्योगिक क्षेत्र, इसी प्रकार वाणिज्यिक क्षेत्र अन्तर्गत सीहोर नगर-इंग्लिशपुरा, गांधी मार्केट, चरखा रोड, बड़ा बाजार, चाणक्यपुरी, आष्टा नगर– बस स्टेंड, कन्नोद रोड, बुधवारा, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, अनाज मंडी, पुराना बस स्टैंड, सिंकदर बाजार, अलीपुर इंदौर भोपाल मेन रोड चिन्हित किये गये है। निर्देश मिलने के बाद उड़न दस्ता दल ने कार्रवाई भी शुरू कर दी है। शुक्रवार को गल्ला मंडी क्षेत्र के मंदिर से लाउड स्पीकर को उतारा गया। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह के निर्देशों के तहत बुधनी के वाणिज्यिक क्षेत्र अन्तर्गत बुधनी का मुख्य बाजार, रेहटी एवं शाहगंज का मुख्य बाजार, इछावर क्षेत्र अन्तर्गत अस्पताल चौराह बाजार, पान चौराह बाजार, मेन मार्केट नाले के पास, कसेरा बाजार, पान चौराहे से यादव पुरा मेन मार्केट पान चौराहे से दिवडिया फाटक बाजार, सब्जी बाजार आजाद चौक, बस स्टेंड बाजार और सीहोर-भैरूंदा रोड बाजार, भैरूंदा में जेपी मार्केट, नीलकंठ रोड, बुधनी खातेगावं मुख्य मार्ग, जावर में मुख्य बाजार, कोठरी में मुख्य बाजार, इसी प्रकार रहवासी क्षेत्र क्रमांक 1 व 2 को छोड़कर जिले के ऐसे समस्त क्षेत्र जिनमें आम जन द्वारा निवास के उदेश्य से मकान निर्मित किये गये है और शांत क्षेत्र अन्तर्गत अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, न्यायालय एवं उक्त के 100 मीटर की परिधि का क्षेत्र चिन्हित किया गया है।

गृह विभाग द्वारा दिये निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण (विनियम एवं नियंत्रण) नियम 2000 के नियम के तहत अधिकतम अनुमत्य ध्वनि सीमा (डेसीबल) निर्धारित की गई है। जिसके तहत दिन के समय में अनुमत्य सीमा औद्योगिक क्षेत्र के लिए 75 और रात्रि के समय 70, वाणिज्यिक क्षेत्र दिन के लिए 65 रात्रि में 55 तथा रहवासी क्षेत्र दिन में 55 रात्रि में 45 तथा शांत क्षेत्र दिन में 50 रात्रि में 40 डेसीबल निर्धारित कि गई है। अनुमत्य सीमा का पालन कराने के लिए शिकायत प्राप्त होने पर जांच एवं त्वरित कार्यवाही के लिए उडऩदस्ता गठित किया जाता है। गठित उडऩदस्ता में संबंधित तहसील का तहसीलदार, नायब तहसीलदार संबंधित क्षेत्र का थाना प्रभारी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रतिनिधि शामिल है। संबंधित उडऩदस्ते द्वारा जांच एवं प्राप्त शिकायत पर तत्काल जांच कर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियम एवं नियंत्रण) नियम 2000 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करेंगे।

## याचिकाकर्ता की शिकायत पर एनजीटी न्यायालय ने दिए जांच के आदेश



**बुधनी।** सरकार के नियमों के अनुसार पाबंदी के बावजूद भी नर्मदा नदी में मशीनों से अवैध रूप से उत्खनन किए जाने को लेकर ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एनजीटी न्यायालय में याचिका प्रस्तुत गई है न्यायालय ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं इसके बाद याचिका स्वीकार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से सरकार द्वारा बनाए गए नियमों को ताक पर रखकर जमकर अवैध खनन किया गया जहां एक और नर्मदा में मशीनों से खुदाई करने पर पाबंदी लगाई गई थी परंतु सरेआम रेत का ठेका चलाने वाले पावरमेक द्वारा माफियाओं का साथ लेकर नर्मदा में जमकर मशीनों से रेत की खुदाई की गई और तो और कई स्थानों पर कच्चा पुल बनाकर दो संभागों जिन में भोपाल और नर्मदापुरम के बीच ताबड़तोड़ ढंग से रेत का अवैध खनन किया गया और तो और बीच में जो भी आया चाहे वह विपक्षी दल के नेता हो या फिर मीडिया कर्मी सबको दरकिनार कर नर्मदा का सीना छलनी किया जाता रहा और इससे गाड़ी कमाई की जाती रही जब ठेकेदार के पास सीहोर जिले की रॉयल्टी का कोटा समाप्त हो गया तो अन्य जिले जिन में रायसेन बैतूल आदि की ईटीपी जारी की गई जबकि रेत अन्य स्थानों तथा नर्मदापुरम की बंद खदानों से निकाल कर भोपाल ले जाई गई ठेकेदार के इन कृतयों से सरकार को अरबो रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया है। वही महकमें के ईमानदार अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ घटनाएं भी घटित हुई है जबकि मोटी रकम देकर पोस्टिंग कराने वाले खनिज अधिकारी मजे में रहोइसे लेकर हाल ही में चंदर सिंह बागवान द्वारा राजधानी स्थित एनजीटी न्यायालय में एक याचिका प्रस्तुत की गई है इस पर न्यायालय ने तीन विभागों की संयुक्त टीम को जांच का जिम्मा सोंपा है यह टीम16जनवरी तक याचिकाकरता की शिकायत और उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कर एनजीटी को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी इसके बाद न्यायालय याचिका के मन मिले में निर्णय करेगा।

### नेशनल कान्फ्रेंस 17 दिसंबर को क्रिसेंट रिसोर्ट में

**सीहोर।** जिला स्तर पर प्रथम बार नेशनल कान्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस कान्फ्रेंस के ऑर्गनाईजिंग सेक्रेट्री डॉ. आर.के.वर्मा मेडिकल स्पेशलिस्ट जिला चिकित्सालय सीहोर ने बताया कि कल दिनांक 17 दिसम्बर 2023, रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सीहोर जिला मुख्यालय के होटल क्रिसेंट में बच्चे एवं जच्चे की सुरक्षा के लिये एक नेशनल कान्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। जिसमें देश के 9 प्रख्यात विषय विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देगें। जिले के सभी डॉक्टर्स से आग्रह किया गया है कि वह इस कान्फ्रेंस में शिरकत करें व जच्चा-बच्चा की जान कैसे बचाई जा सकती है, जब वह अनेकों बीमारी से ग्रसित होते है।

## विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित




**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान रंगोली, नृत्य, सामूहिक नृत्य, चित्रकला, फैंसी ड्रेस सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे दिव्यांगजनों एवं सामान्य छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के अंत में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी एवं सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक महेश कुमार यादव प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम में उप संचालक महेश यादव ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र की प्रशासनिक अधिकारी अंकिता ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 17 दिसंबर को

**सीहोर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष-2023 का आयोजन 17 दिसम्बर को जिला मुख्यालय के 08 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा।

यह परीक्षाए दो पारियों में प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से 12 बजे एवं द्वितीय सत्र दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक होंगी। परीक्षा केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने केन्द्राध्यक्षों की ड्यूटी लगाई है।

परीक्षा केन्द्रों में छात्र-छात्रा अपने साथ किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नही ले जा सकेंगे। जूते-मोजे पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर परीक्षा केन्द्र पहुंचे। चेहरे को ढंक कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी अपने कपड़ों, कफलींक, धूप का चश्मा, जूते-मोजे, हाथ के बैंड, हाथ में बंधे बंधन, परीक्षा में पेंसिल, रबर (इरेजर) व व्हाईटनर, बालो को बांधने का क्लेचर, बकल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक तथा चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे, पर्स तथा वॉलेट, टोपी, तावीज वर्जित रहेंगे।

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा के लिए बनाए गए सीहोर शहर के 8 परीक्षा केन्द्रों में कुल 2600 छात्र-छात्रा परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्र डाइट में 250 विद्यार्थी, केन्द्रीय विद्यालय में 300, शासकीय स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में 200, शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में 250, शासकीय एक्सीलेंस हायर सेकेण्डरी स्कूल में 400, शासकीय कन्या महाविद्यालय में 400, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 400 तथा शासकीय चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय में 400 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत तीन दिन में 51 हजार से ज्यादा के बनाए चालान



**सीहोर।** उच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है। जिसके चलते सीहोर के विभिन्न चौराहों पर यातायात पुलिस की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस रोजाना वाहन चैकिंग के दौरान लोगों को समझाईश दे रही है और चालानी कार्रवाई भी कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने बीते तीन दिन में करीब 51 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की। साथ शहर में शाम को भी कार्रवाई जारी रही। सबसे ज्यादा चारान पुलिस ने बुधवार को काटे। पुलिस ने 30 चालान काट कर 16 हजार 200 रुपए का चालान वसूला। वहीं शुक्रवार की दोपहर तक 3300 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। नियमों का पालन नहीं करने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर पुलिस जिले भर में अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। यातायात प्रभारी ब्रजमोहन धाकड़ ने बताया कि शहर के अलग-अलग चौराहों पर पुलिस बल खड़ा होकर कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान सीट बेल्ट, ड्रिंक एंड ड्राइव, हेलमेट और क्षमता से अधिक सवारी बैठाने को लेकर कार्रवाई की जा रही है। बीते तीन दिन में 42 लोगों पर कार्रवाई की गई। जिसमें 29 हजार 500 की वसूली की गई। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## लाखों की गौशालाएं बनी शोपीस, आवारा घूम रहा पशुधन

### फसलों को मवेशी पहुंचा रहे हैं नुकसान, किसान है परेशान



**इछावर।** मवेशियों की उचित देखभाल के लिए शासन ने लाखों रुपये की लागत से पंचायतों में गोशालाओं का निर्माण किया है लेकिन जिम्मैदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण यह गोशाला महज शोपीस बनें हुए है। आलम यह है कि व्यवस्थाओं और सुविधाओं के अभाव में कई गोशालाओं में मवेशियां नही है अथवा है नाममात्र की ही है। वही दूसरी ओर मवेशियों का झुंड खेतों में घुसकर गेहूं, चना, सरसों आदि फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है।

गौरतलब है कि तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों आवारा मवेशी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे है। जिससे किसानों में रोस व्याप्त है। यह जानवर झुंड में बड़ी संख्या में खेतों में जाकर गेंहू, चना, सरसों, मटर आदि की फसल को खाकर व रोंदकर नुकसान पहुंचा रहें है। किसान लाठी लेकर मवेशियों को खेत से खदेड़कर दूर भगाते है लेकिन कुछ समय फिर खेतों में पहुंच जाते है। फसलों को मवेशियों से बचाने के लिए किसानों को दिन रात खेतों की पहरेदारी करने को मजबूर होना पड़ रहा है। कई जगह किसानों को रातभर खेतों में जागकर अपनी फसल की रखवाली करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने पंचायत क्षेत्रों में गोशालाएं तो बनवाई है लेकिन उनमें मवेशी नही रखे जा रहे है। जिसकी वजह से वह सडक और खेतों में नजर आ रहें है। सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं होने की अशंका बनी रहती है। सडक हादसे में आए दिन एक - दो मवेशी की मौत हो रही है।

### आयुष्मान आपके द्वार 3.0 अभियान 31 तक

**सीहोर** । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा दिए गये निर्देशानुसार आयुष्मान भव योजनांतर्गत मिशन मोड में 31 दिसंबर 2023 तक स्वास्थ्य सेवाओं का संतृप्ति सुनिश्चित किए जाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में 31 दिसंबर तक समस्त शेष पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। योजना के तहत आयुष्मान सभा, आयुष्मान मेला हेल्थ एंड बेलनेश सेंटर स्वास्थ्य संस्थाओं पर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर, आंगनबाड़ी एवं शासकीय शालाओं में बच्चों की स्क्रीन, आयुष्मान ग्राम पंचायत, सेवा पकड़ा का आयोजन किया जाना है।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन के लिए करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में आवेदन फार्म जमा किए जा रहे हैं। निःशुल्क गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आवेदिका को निर्धारित मापदंड अनुसार आवेदन करना होगा। हितग्राही पीएमयूवाय योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए नजदीकी ग्राम पंचायत एवं नगरी निकाय तथा गैस एजेंसी पर आवेदन फार्म में वांछित दस्तावेज जमा कर ऑयल कंपनी के ओएमसी पोर्टल पर कनेक्शन स्वीकृत उपरांत प्राप्त कर सकते हैं।

### यह होगी पात्रता

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति गृहस्थी, अनुसूचित जनजाति गृहस्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राही, अन्य पिछड़ा वर्ग, अन्त्योदय अन्न योजना, चाय और पूर्व चाय बागान जनजातियां, बनवासी, द्वीप एवं नदी द्वीप में निवासरत, एसईसीसी गृहस्थी (एएचएल टिन), 14 बिंदुओं के घोषणा पत्र अनुसार गरीब गृहस्थी के हितग्राही पात्र होंगी।

**आवेदन की प्रक्रिया :** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आवेदन करते समय केवाईसी फॉर्म, पहचान पत्र, निवास का प्रमाण पत्र, राशन कार्ड अथवा समग्र आईडी, आवेदिका के आधार की प्रति, परिवार के समस्त वयस्क सदस्यों की आधार की प्रति, आवेदिका के बैंक खाता एवं आईएफएससी का विवरण देना आवश्यक होगा। इसके साथ ही आवेदिका के प्रवासी होने की स्थिति में स्व घोषणा पत्र तथा श्रेणी क्रमांक 10 होने की स्थिति में 14 बिंदुओं का घोषणा पत्र देना होगा।

### राधेश्याम मंदिर गल्ला मंडी के समीप रेस्ट हाउस ग्राउंड क्षेत्र में चल रही कथा

# भगवान की लीलाओं में छुपा हुआ है रहस्य : पं. हर्षित शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राधेश्याम मंदिर गल्ला मंडी के समीप रेस्ट हाउस ग्राउंड क्षेत्र में राठौर झालवासिया परिवार के तत्वाधान में चल रही भागवत कथा में कथा के पंचम दिवस में आचार्य पंडित हर्षित शास्त्री जी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का बखान किया। सर्वप्रथम कथा में कृष्ण जन्म के उपरांत नंद महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, डॉ. सुरेश झवर आदि के द्वारा व्यासपीठ की पूजन अर्चन कर पं. हर्षित शास्त्री जी का शॉल श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसमें कथा सुनाते हुए गुरुदेव ने कहा कि जब भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समाचार नंद बाबा को प्राप्त हुए तो नंद बाबा ने अपना सर्वस्व लुटाना प्रारंभ कर दिया। सोना चांदी जवाहरात हीरे मोती सब लुटाना प्रारंभ कर दिया, तब किसी बृजवासी ने कहा कि लाला के जन्म पर इस प्रकार से सब लुटा रहे हो। इसके लिए भी तो कुछ रखो तब नंद बाबा ने कहा यदि मेरे लाला का प्रारब्ध होगा तो लाला को सब कुछ प्राप्त हो जाएगा। यदि इसके प्रारब्ध में नहीं होगा तो जो पास में है वह भी चला जाएगा आज नंदबाबा अपना सर्वस्व लुटा रहे हैं गोपियों के साथ सुनंदा जी पावन उत्सव मना रहे हैं। उत्सव में नंद बाबा ने ब्राह्मणों को 200000 गाय में प्रदान करें आगे कथा में गुरुदेव ने भगवान श्री कृष्ण ने किस प्रकार पूतना का वध किया इसका वर्णन किया पूतना सुंदरी बन करके गोपियों के झुंड में जा मिली और भगवान श्री कृष्ण के स्थान पर पहुंची। जहां पर भगवान पालने में विराजमान थे पूतना यशोदा जी से मिली यशोदा जी रसोई में किसी कार्य के लिए गई। इसी समय पूतना ने भगवान श्रीकृष्ण को गोद में उठाकर के स्तनपान कराना प्रारंभ कर दिया और भगवान को विष पिलाने की मंशा से स्तनपान कराने लगी भगवान ने पहले विष पान किया फिर दूध पिया और इसके बाद पुतना के प्राणों को ही भगवान ने पीना प्रारंभ कर दिया। भगवान ने पूतना का उद्धार किया सकट भंजन की लीला भगवान ने करी जिसमें भगवान ने संकेत किया कि जिस बैलगाड़ी में बेल नहीं जुटे होते वह गाड़ी हमारे किसी काम की नहीं संसार में जिस व्यक्ति के जीवन में धर्म नहीं उसका जीवन भी उस गाड़ी की तरह है। जिसे भगवान ठुकरा देते हैं व तृणवत का उद्धार भगवान ने किया 1 दिन मैया लालन को उछाल करके खिला रही थी। माता की भुजाएं दुख रही थी तो लाला को गोद में बिठा कर के दूध पिलाने लगी तभी तभी कंस के द्वारा भेजा गया असुर आया और भगवान को ले जाने की मंशा धारण कर ले गया भगवान ने अपना वजन बढ़ाया तो मैया कन्हैया को आंगन में छोडक़र के कार्य के लिए गई। इतनी देर में राक्षस ने आकर के भगवान श्री कृष्ण को उठाया ब्रजमंडल की सीमा से बाहर ले जाने लगा तो भगवान ने पत्थर पर ले जाकर के सर पटक दिया और उसका उद्धार हुआ आगे गुरुदेव ने ब्रह्मा मोह की कथा सुनाई। यह किस प्रकार ब्रह्माजी को मोह हो गया और ब्रह्मा जी को बाद में भगवान से शमा याचना करना पड़े साथ ही माखन चोरी की लीला का भी वर्णन किया गया। जिसमें बताया गया कि भगवान श्री कृष्ण ने चोर विद्या प्रचार प्रसार मंडल की स्थापना करी और भगवान ने एक दिन गोपी से चर्चा करते हुए गोपी को अपनी बात में लगा लिया और अपनी मंडली को बताया की गौ माता को छोड़ दो तब गौमाता को गौशाला से छोड़ दिया। वह भी गौ माता के पीछे भागी इधर कन्हैया अपने मित्रों के साथ में माखन की चोरी में आनंदित हुए सबको माखन पवाकर के अंत में स्वयं माखन खाया ऐसी अनेक अनेक भगवान ने माखन चोरी की लीला करी इसके पश्चात कथा में चीर हरण की लीला का बखान किया गया। इसके पश्चात गोवर्धन पूजा का वर्णन किया गया जहां पर कथा कहते हुए पंडित जी ने कहा दीपावली के अगले दिन इंद्र की पूजा करने का विधान था। एक दिन कन्हैया ने मैया से पूछा की इंद्र की पूजा क्यों की जाती है मैया ने कहा इंद्र की पूजा इसलिए की जाती है ताकि वह वर्षा करें और हमें अन्न की प्राप्ति हो अब भगवान ने कहा यदि पूजा करनी ही है तो गोवर्धन पर्वत की करो वही हमें खाने के लिए अन्न देता है इधर इंद्र ने अपने पार्षदों से पूछा कि हमें ब्रजमंडल से हमारा भाग क्यों नहीं मिला तब इंद्र के दूतों ने बताया कि कृष्ण नाम के बालक की बात में आकर समस्त ब्रज वासियों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा करें इंद्र कुपित हो गया और अपने गणों को कहा कि जाकर के ब्रज मंडल में अतिवृष्टि करो भगवान श्री कृष्ण पर सब आरोप लगाने लगे भगवान ने कहा चिंता मत करो जिस गोवर्धन पर्वत की पूजा करी है उन्हीं की शरण में चलो तब सब गोवर्धन पर्वत की शरण में गए और भगवान श्री कृष्ण ने अपनी चींटी उंगली पर पर्वत को उठाया। सात दिन में भगवान को छप्पन भोग धराय गए। तभी से छप्पन भोग लगाने की परंपरा प्रारंभ हुई। कथा में श्रद्धालुओं ने खूब आनंद लिया एवं भक्तो ने व्यासपीठ का गोवेर्धन का पूजन किया। आज कथा में होगा भगवान श्री कृष्ण का विवाह उत्सव।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से प्रारंभ

**सीहोर।** भारत सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन राज्य सरकार की सहभागिता से किया जा रहा है। इन प्रमुख योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफलतापूर्व आयोजित करने के लिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान दी गई जिम्मेदारियां एवं कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे। ग्राम पंचायत हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे एवं शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे। कार्यक्रम में आवेदन लिए जाएंगे।

### समय पर राशि नहीं मिलने के चलते गौवंश की खुराक में आ रही परेशानी

# जिले की 128 गौशालाओं को 4 माह से नहीं मिली अनुदान राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गौशालाओं में दर्ज गौवंश की खुराक सहित गौशालाओं के संचालन के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि जिले में बीते चार माह से जारी नहीं हो पाई है। अनुदान राशि नहीं मिलने के चलते गौशालाओं का संचालन करने वाले समूह एवं समितियों खासे परेशान हैं। एक-दो माह तक तो गौशाला की गायों की खुराक की व्यवस्था समूह एवं समितियों द्वारा दुकानों से उधार लेकर या अन्य जरियों से कर दी गई लेकिन अब परेशानी आ रही है।

हरिभूमि ने जब पड़ताल की तो पता चला कि अगस्त, सितंबर, अक्टूबर एवं नवंबर माह की अनुदान राशि गौशालाओं को नहीं दी गई है। जिन गौशालाओं में कम गायें हैं उनके आहार, खुराक की व्यवस्था तो गौशाला संचालकों ने कर दी है लेकिन ज्यादा संख्या वाली गौशाला के संचालक परेशान हैं। शासन द्वारा एक गौवंश की खुराक के लिए प्रतिदिन 20 रुपए प्रदान किए जाते हैं जबकि इससे कहीं अधिक राशि गाय की खुराक पर खर्च होती है। गौशाला समितियां अपने स्तर से दान राशि, चारा इत्यादि की व्यवस्था करके गौवंश का पेट भर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ जिले में अनुदान प्राप्त कुल 128 निजी एवं शासकीय गौशालाएं हैं।




#### गौशाला संचालकों को आ रही परेशानी

चार महीने से अनुदान राशि नहीं मिलने पर गौशालाओं के संचालन में संचालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ संचालकों ने बताया कि हम अपने स्तर से गायों की खुराक की व्यवस्था कर लिया करते हैं लेकिन अब तो चार महीने हो चुके हैं। ऐसे में राशि की नितांत आवष्यकता है। गौशाला संचालकों की माने तो एक गाय की खुराक पर प्रतिदिन 70 से 100 रुपए की राशि व्यय होती है जबकि शासन द्वारा सिर्फ 20 रुपए प्रतिदिन के मान से राशि दी जाती है और वह भी समय पर नहीं मिल रही है।

#### खुले में छोड़ दी गई हैं गायें

गौशालाओं मे जब गायों के खाने, पीने की व्यवस्था न होने पर कुछ गौशालाओं से गायों को खुले में छोड़ दिया गया है। यह गौवंष न केवल खेतों में पहुंचकर फसलों को खा रहा है बल्कि इस गौवंश के शहरों में आने से शहरों की यातायात व्यवस्था भी बाधित हो रही है। वहीं, हाईवे पर भी मवेशियों का जमावड़ा नजर आ रहा है।

#### इनका कहना है...

अधिकारियों से वेरीफिकेशन के लिए परसों कलेक्टर साहब से लेटर साइन करवाया है। वेरीफिकेशन रिपोर्ट एवं डॉक्टर की मेडीकल रिपोर्ट आते ही राशि जारी कर देंगे। इसमें 10-15 दिन का समय और लग सकता है।

**- एमपी कुशवाह,** उप-संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, राजगढ़

## शासन के आदेश के बाद सीएमओ ने एसडीओपी के साथ की बैठक

### खुले में मांस व मछली का विक्रय करने वालों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 253, 254 तथा 255 एवं मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 268 एवं 269 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकाय के अनुमति पत्र (लायसेंस) के बिना पशु मांस तथा मछली के विकय नहीं करने का प्रावधान दिया गया है।

नगरीय निकायों से अनुमति पत्र प्राप्त किये बिना अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए खुले में या निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त पशु, मांस तथा मछली का विकय करने वालों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर गुरुवार को नगर पालिका में सीएमओ एलएस डोडिया एवं एसडीओपी अरविंद सिंह ने अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित कर नगरीय क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर अवैध नियम विरुध्द पशु, मांस तथा मछली का विकय किया जा रहा है, जिससे आवारा श्वानों की संख्या में वृद्धि तथा गंदगी फैलने की स्थिति निर्मित हो रही है। इससे ना केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, वरन्‌ मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ रहा है। बैठक में नगर पालिका सीएमओ तथा एसडीओपी द्वारा टीम बनाकर बाजार में भेजा गया तथा जो दुकानदार लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते हुए खुले में पशु मांस तथा मछली के विकय करने वालों को हिदायत दी गई साथ ही खुले में मांस की दुकान लगाने वालों की दुकाने बंद कराई तथा दुकान में साफ-सफाई समुचित हो, कचरे का निष्पादन समुचित हो, मांस विकय खुले में ना हो तथा दुकानों के सामने अपारदर्शित कांच लगाया जाए। ऐसे व्यक्ति जो अवैध अथवा नियम विरूद्ध बिना अनुमति पत्र के या लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पशु मांस अथवा मछली का विक्रय कर रहे हैं, उनके विरूद्ध नगरीय निकाय के अतिक्रमण निरोधी दस्ते, स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ सामन्जस्य स्थापित करके 15 से 31 दिसम्बर तक विशेष अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## छात्रा को अश्लील मैसेज भेजने वाले अतिथि को हटाने की मांग



एनएसयूआई ने कॉलेज में की नारेबाजी

**राजगढ़।** विगत दिनों लीड महाविद्यालय में पदस्थ एक अतिथि विद्धान द्वारा कॉलेज की ही छात्रा के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजे जाने का मामला उजागर हुआ था। इस बात को लेकर कॉलेज में उस समय जमकर हंगामा भी हुआ था। कॉलेज प्रबंधन द्वारा उक्त अतिथि विद्धान पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। चूंकि, छात्रा की तरफ से भी लिखकर नहीं दिया गया है ऐसे में संबंधित अतिथि पर पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। इस मामले को लेकर एनएसयूआई पदाधिकारी एवं सदस्यों ने गुरुवार दोपहर कॉलेज में जमकर नारेबाजी करते हुए संबंधित अतिथि विद्धान को हटाने की मांग रखी। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जगमोहन वर्मा ने बताया कि मामले में जो जांच समिति बनी है उसमें एनएसयूआई के साथ ही अभाविप के भी एक-एक प्रतिनिधि को रखने की मांग हमने रखी थी, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर कॉलेज प्रबंधन अतिथि विद्धान को कॉलेज से नहीं हटाता है तो बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### विधायक टेटवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट की



**सारंगपुर।** विधायक गौतम टेटवाल ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से जिले के पांचों विधायकों के साथ बुधवार को सीएम हाउस भोपाल में भेंट की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, ब्यावरा विधायक नारायण सिंह पंवार, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, खिलचीपुर हजारीलाल दांगी ने नई सरकार बनने की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल ने बताया कि बाल्य काल से स्वयंसेवक, संगठन के प्रति अविचलित निष्ठा, अनवरत परिश्रम के प्रतीक मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह के साथ हम लोगों ने कई चुनाव में काम किया है। अपने कार्य के प्रति अटूट निष्ठा ही उनकी पहचान रही है। उन्हें पूर्ण विश्वास है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में नवनियुक्त मुख्यमंत्री मोहन जी यादव प्रगति एवं विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे तथा जनकल्याण के क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचेंगे।

## आदेश का पालन: खुले में लग रही मांस मछली और अंडे की दुकान का अतिक्रमण नगर परिषद ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश के बाद नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की है, जिसमें आज शुक्र वार को खिलचीपुर नाका पर अवैध रूप से मांस-मछली और अंडे की दुकानें संचालित हो रही थी। जिसे नगर परिषद प्रशासन की टीम द्वारा जेसीबी मशीन से हटाई गई है। हालांकि शासन प्रशासन के अमले को देखकर दुकानदारों ने स्वयं अपना सामान हटाना शुरू कर दिया।



इस मामले में नगर परिषद सीएमओ मोहम्मद खान से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि नगर में जहां भी खुले में अवैध रूप से मांस मछली ओर अंडे की दुकानें लग रही है, सभी को हटाया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि नगर में यातायात का दबाव को देखते हुए शहर के रोड किनारे अवैध अतिक्रमण भी हटाया जाएगा। बहरहाल खिलचीपुर नाका के यहां से इस तरह का अतिक्रमण हटाया गया है, वैसे देखा जाए तो सर्वाधिक यातायात का दबाव नगर के खिलचीपूर नाका,मचलपूर नाका ,इंदर चैराहे पर रहता है लेकिन अतिक्रमण के नाम पर मात्र औपचारिकता पूरी होती है। जब जब भी अतिक्रमण के नाम पर कार्रवाई होती है वह औपचारिकता में पूरी होती है।

#### आमजनों ने इन दुकानों को हटाने पर तारीफ की

खिलचीपुर नाका से मांस अंडे इत्यादि की दुकान हटाने की लोगों ने प्रशंसा की एवं बताया कि नगर का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिव मंदिर छांपी बांध पर स्थित है जब यहां से मंदिर की ओर जाते हैं तो उस समय बदबू का सामना करना पड़ता था जिससे हमें निजात मिली है।

## कार्रवाई: पेट्रोल पंप से चोरी जेसीबी पुलिस ने कोटा से की बरामद



**राजगढ़।** स्थानीय पुरोहित पेट्रोल पंप पर खड़ी जेसीबी मशीन को 30 नवंबर की रात्रि अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर लिया था। मशीन मालिक जगदीश सौंधिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने चोरी का मामला पंजीबद्ध करते हुए पड़ताल आरंभ कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस जेसीबी को कोटा राजस्थान जाकर बरामद कर लिया है। चोरी की इस वारदात को 3 लोगों ने मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं एक आरोपी की तलाश जारी है। घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त एक बाइक भी पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद की है। कार्रवाई में कोतवाली टीआई वीरसिंह ठाकुर, अनिल राहोरिया, नरेष मीणा, सागर मीना, लखन मीना, राजेंद्र मीना, इंद्रपाल सिंह, लोकेंद्र, पंकज सहित खिलचीपुर टीम के प्रवीण जाट, संतोष मंडलोई, समंदर भील, भगवान, सुनील, दुष्यंत, संदीप, अरषद सहित सायबर सेल के शषांक यादव एवं कुलदीप कुंभकार की भूमिका रही।



### मानस स्कूल के छात्र डालेन्द्र सिंह का राज्य स्तर पर हुआ चयन

**ब्यावरा।** 14 दिसंबर से शिवपुरी में आयोजित पांच दिवसीय मप्र राज्य स्तरीय हैंडबॉल-17 वर्ष बालक में मानस हायर सेकंडरी स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 11वीं के छात्र डालेन्द्र सिंह परमार पिता उदयपाल सिंह परमार का चयन राजगढ़ जिले की ओर से भोपाल संभाग की टीम में शिवपुरी के लिए हुआ। डालेन्द्र सिंह का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता बरेली रायसेन मे बेहतर प्रदर्षन के दौरान हुआ। छात्र की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला, जिला क्रीड अधिकारी महेन्द्र सिंह परमार, देवेन्द्र सक्सेना, चंदा खान, संस्थाध्यक्ष महेश अग्रवाल, प्राचार्य आरएस राजपूत, कोच सुश्री विद्या चौहान सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## लाउड स्पीकरों और खुले में मांस की बिक्री को लेकर दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

धार्मिक स्थलों पर डीजे, लाउड स्पीकरों की तेज आवाज से आमजनों को होने वाली परेशानियों को लेकर राज्य शासन ने बुधवार को अहम निर्देश प्रसारित किए हैं। इसके साथ ही मटन, चिकन आदि मांस की खुले में बिक्री को लेकर निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में गुरुवार शाम थाना कोतवाली परिसर में एसडीएम गुलाब सिंह बघेल, एसडीओपी, थाना प्रभारी वीर सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू की उपस्थिति में सभी धर्मो के प्रमुख लोगों एवं मांस व्यवसायियों, दुकानदारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि खुले में मांस की दुकानों का संचालन न किया जाए। ऐसी दुकानों अपारदर्षी कपड़े से ढंकी होनी चाहिए इसके साथ ही दुकानदारों को साफ-सफाई का भी पूर्णरूपेण ध्यान रखना होगा। धार्मिक स्थलों पर लाउड स्पीकरों का उपयोग भी निर्धारित गाईडलाईन के अनुसार ही किए जाने को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई एवं निर्देश प्रसारित किए गए।




### 40 दिन में 29 सीजर करने वाली महिला गायनिक को किया जिला अस्पताल में अटेचमेंट

# कनेक्टेड केयर हॉस्पिटल सहित 2 सोनोग्राफी सेंटर शील्ड, गायनिक का हुआ अटेचमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कभी-कभी अच्छा और ज्यादा काम करना भी आपकी परेशानी का कारण बन सकता है। ओपीडी में बैठना और सिविल हॉस्पिटल में


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़ जिला राजगढ़ म.प्र.

प्रसूताओं के सीजर होने से कई लोगों को मिलने वाला कमीशन एवं निजी हॉस्पिटल की कमर तोड़ने वाली डॉक्टर को मामूली सी शिकायत पर आखिरकार जिला मुख्यालय पर अटेचमेंट कर दिया गया। सिविल हॉस्पिटल में प्रसूताओं को रेफर करना और नवजातों की मौत के किस्से यूं तो आम ही थे। कई गर्भवती महिलाएं परेशान होती रही परंतु 28 जुलाई 23 को डॉ मोनिका जैन ने गायनिक डॉक्टर के तौर पर सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा में ज्वाइन किया। हालांकि वहीं पर पिछले 10 सालों से जमे हुए एक और गायनिक डॉक्टर आरके जैन भी हैं परंतु उनका व्यवहार किसी से छुपा नहीं है। वहीं कुछ दिन पूर्व ही प्रसूता की रेफर और मौत के बाद चर्चा में आए शहर के रेल्वे रोड तिराहे पर कनेक्टेड केयर हॉस्पिटल में जब सीएमएचओ ने निर्देश पर निरीक्षण किया गया तो वहां पर भी अनियमितता देखने को मिली।




#### सीनियर डॉक्टर भी रहे पीछे,

#### डॉ मोनिका ने किए 40 दिन में 29 प्रसूताओं के सीजर

जून से लेकर अभी तक प्रसूताओं के सीजर देखे जाए, तो सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा में कुल 53 सीजर हुए हैं। जिसमें डॉ मोनिका जैन ने अगस्त 23 से लेकर अभी तक अपने अल्प कार्यकाल में काम करते हुए जहां 40 दिनों में 29 प्रसूताओं के ऑपरेशन किए। वहीं 10 वर्षों से जमे हुए डॉ आर के जैन ने 100 दिनों में मात्र 24 ऑपरेशन ही किए। यहां पर यह उल्लेख करना अनिवार्य होगा कि पिछले 1 माह से ऑपरेशन असिस्टेट छुट्टी पर होने के कारण सीजर करना मुश्किल हो था। वहीं ऐनेस्थेटिक भी कई दिनों से छुट्टी पर चल रहे हैं।

#### कनेक्टेड केयर हॉस्पिटल व क्यूरियस डायग्नोस्टिक ब्यावरा के सोनोग्रॉफी चेम्बर हुई शील्ड

अनुविभागीय अधिकारी ब्यावरा मोहिनी शर्मा एवं राजगढ़ सीएमएचओ डॉ किरण बाडिया द्वारा 7 दिसंबर को किए गए औचक निरीक्षण के बाद ब्यावरा के सोनोग्राफी सेटर क्यूरियस डायग्नोस्टिक को डॉक्टर न होने के बाद भी सेंटर खोलकर बैठा हुआ था जिस पर चेम्ब्र को शील्ड कर दिया गया। वहीं पर कनेक्टेड केयर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में भी न ही तो मशीन ही थी और न ही डॉक्टर। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हॉस्पिटल का चेम्ब्र भी शील्ड कर दिया है।

### मत्स्य संपदा योजना के लिए 31 तक कर सकते हैं आवेदन

**राजगढ़।** जिले में मतस्य पालन के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं समस्त जाति, वर्ग की महिलाओं को ईकाई लागत का 60 फीसदी व सामान्य वर्ग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष हितग्राहियों को 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। मत्स्योद्योग सहायक संचालक भारत सिंह मीना ने बताया कि मतस्य बीज उत्पादन हेतु बीज उत्पादन हैचरी की स्थापना, नवीन मत्स्य बीज संवर्धन हेतु पोखर, तालाब निर्माण, नवीन तालाब निर्माण, इनपुट्स क्रयकरण व्यय मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेसियस मछली पालन, तिलापिया मछली पालन हेतु इनपुट्स की व्यवस्था सहित, रंगीन मछलियों की ब्रीडिंग एवं रियरिंग के लिए इकाई की स्थापना, पुनः संचारी जल कृषि प्रणाली की स्थापना, बायोफ्लोक स्थापना, आईएस बॉक्स युक्त मोटर साईकिल, ई-रिक्षा, रेफ्रीजरेट ट्रक, जलाशय में कंज, पेन, स्थापना, फिश मिड मिल प्लांट, मछली विक्रय केंद्र कियोस्क का निर्माण के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं।

## परेशानी: नगर परिषद पानखेड़ी के वार्ड 2 के रहवासी कई वर्षों से रास्ते के लिए भटक रहे दर-दर

**कालापीपल।** नगर परिषद पानखेड़ी में तहसीलदार कैलाश सस्ताया के सामने वार्ड 2 की महिलाओं ने धरना-प्रदर्शन किया। वार्ड 2 की महिलाओं ने पूर्व में वार्ड नंबर 2 स्थित कॉलोनी में जाने का रास्ता नहीं होने से 100 से अधिक घरों के रहवासी पूर्व में कलेक्टर से लेकर जनप्रतिनिधि मंत्री विधायक से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

बता दें इस वार्ड में निजी भूमि से आने-जाने का रास्ता अब निजी भूमि स्वामियों ने रास्ते को बंद कर दिया। अब रास्ता न मिलने से लोग परेशान हैं। नगरीय चुनाव में भी अध्यक्ष द्वारा इन वार्ड वासियों से वादे किए गए थे कि हम रास्ते का निराकरण कर देंगे, लेकिन चुनाव जीतने के बाद अध्यक्ष ने भी इस रास्ते का निराकरण नहीं करवा पाए। अब वार्ड वासियों को उनके हाल पर छोड़ दिया। इस वार्ड के लोग लगभग 15 वर्षों से रास्ते के लिए परेशानी हो रहे हैं। शुक्रवार को एक बार फिर मजबूरीवंश रहवासी तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार कैलाश ससत्या के सामने जाकर बैठ गए। करीब 20 मिनट तक धरना जारी रहा। निजी भूस्वामियों से रास्ता लेकर समस्या निराकरण का प्रयास करने आश्वासन दिया।



## खबर संक्षेप

### नोडल अधिकारी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश



**सीहोर।** कृषि उपज मण्डी समिति सीहोर स्थित प्रधानमंत्री किसान समृधि केन्द्र का केन्द्र सरकार के नोडल अधिकारी आर.पी बिस्वास ने आवलोकन किया। उल्लेखीनिय है कि उर्वरक केन्द्रों को प्रधानमंत्री किसान समृधि केन्द्रों के रूप में विकिसित किया गया हे। यह केन्द्र कृषि संबंधित सभी सूनाओं एवं सेवाओं के रूप में कार्य कर रहे है। आवलोकन के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी सहित स्भी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने नोडल अधिकारी श्री बिस्वास को प्रधानमंत्री किसान समृधि केन्द्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानमंत्री किसान समृधि केन्द्र का मुख्य उदेदश किसानों के लिए वन स्टाप शॉप के रूप में कार्य करना है। इन केन्द्रों पर एक ही छत के निचे उचित मूल्य पर उर्वरक, बीच, कीटनाशक, जैसी गुणवत्तापूर्ण सूचनाएं उपलाब्ध कराना है। किसानों को इन सुविधा केन्द्रों से जोड़कर मृदा,बीच, उर्वरक, परीक्षण की सुविधाएं प्रदान करने के साथ ही शासन की कृषि कल्याण संबंधि विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है।

### श्मशान में लाश मिलने से फैली सनसनी

**आष्टा।** आष्टा थाना अंतर्गत कोठरी के श्मशान घाट पर गुरुवार की सुबह एक युवक का शव मिलने पर सनसनी फैली। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर शव की शिनाख्त कराई, जिसमें मृतक समीपस्थ बेदाखेड़ी ग्राम का निकला । पोस्टमार्टम करा कर शव परिजन को सौंपा गया।मृतक विवाहित होकर बच्चे का पिता भी था। मौत का कारण क्या है ,यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का पश्चात स्पष्ट होगा। नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौर ने बताया कि 14 दिसंबर की सुबह 9:40 पर सूचना प्राप्त हुई की कोठरी के श्मशान घाट के समीप एक युवक का शव पड़ा है।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।शव की शिनाख्त बेदाखेड़ी निवासी 28 वर्षीय विकास पिता कुंवरपाल जाटव की हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव उसके भाई सोनू जाटव व परिजन को सौंपा। नगर निरीक्षक श्री कुशवाहा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात स्पष्ट होगा कि मृत्यु का कारण ठंड है या और कुछ।

शहर के सभी धार्मिक स्थलों से हटाए जाएंगे लाउड स्पीकर

# जिला प्रशासन और पुलिस ने की मंदिर मस्जिद के धर्म गुरुओं के साथ बैठक

आयोजित हुई बैठक में लाउड स्पीकर हटाने और इस्तेमाल की समय सीमा निर्धारित को लेकर दिशा निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राज्य सरकार को दिए गए सख्त निर्देश के बाद सीहोर जिले में धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकरहटाए जा रहे हैं. सीहोर जिला में प्रशासन और पुलिस मंदिर और मस्जिद से ऐसे लाउडस्पीकर हटवा रही है। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने धार्मिक गुरुओं के साथ बैठक की है ताकि आपसी सौहार्द न बिगड़े। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद एक्शन मोड में आते ही मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सबसे पहले मन्दिर मस्जिदों से लाउड स्पीकर हटाने के निर्देश जारी किए। जिसके बाद सीहोर जिला प्रशासन ने भी राज्य सरकार के निर्देश को अमल में लाते हुए सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर को हटाने शूरू कर दिए है। और इसके लिए आष्टा के तहसील कार्यालय में एसडीएम आनंद राजावत, आईएएस अर्पित गुप्ता, एसडीओपी आकाश अमलकर, थाना प्रभारी पुष्पेंद राठौर ने आष्टा के तमाम धर्म गुरुओं मन्दिर पुजारियों, मस्जिद के मौलवीयो के साथ तहसील कार्यालय के सभागार में बैठक अयोजित कर लाउड स्पीकर हटाने और इस्तेमाल की समय सीमा निर्धारित को लेकर दिशा निर्देश दिए। इसी को देखते हुए पुलिस प्रशासन कार्रवाई कर रहे है ताकि लाउडस्पीकर का अनुचित प्रयोग ना हो सके। इसके लिए पुलिस, प्रशासन द्वारा सभी धार्मिक धर्म गुरुओं के साथ बैठक भी की गई है जिससे उनको जागरूक भी किया जा सके और किसी भी तरह का धार्मिक सौहार्द ना बिगड़े इसको लेकर सहयोग करने की अपिल की!इस दौरान बैठक में अधिकारियों ने कहा कि इस अभियान के तहत सुनिश्चित किया जा रहा है कि धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज तय मानकों से ज्यादा न हो!और किसी को भी इनकी ध्वनियों से परेशानियां ना हो इसके लेकर किसी भी तरह की



अफवाहों को भी ना बढ़ाया जाए और स्वय आगे आकर धार्मिक स्थलों से यह लाउड स्पीकर हटाए जाय ताकी राज्य सरकार के निर्देश का पालन हो सके!इस दौरान बैठक में बड़ी संख्या में शहर के मन्दिर, मस्जिद के धर्म गुरु, संस्था अध्यक्ष मौजूद रहे।

## मंडी में मवेशी व्यापारियों को पहुंचा रहे नुकसान

गंदगी से व्यापारी और किसान हो रहे परेशान




**आष्टा।** कृषि उपज मंडी में हर कही इस तरह नजर आता है मवेशियों का झूंड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा की कृषि उपज मंडी में व्यापारियों के खरीदी उपज प्रतिष्ठान के परिसर में रखी रहती है। उन्हें कृषि उपज मंडी में मौजूद मवेशियों के कारण नुकसान उठाना पड़ रहा है। कहने को काफी संख्या में सुरक्षा गार्ड तैनात है। लेकिन मंडी के आवक द्वार से दर्जनों की संख्या में मवेशी मंडी के अंदर प्रवेश कर जाते हैं। लोग इसे अधिकारियों की लापरवाही बता रहे हैं।

यह मवेशी व्यापारियों के अनाजों को खाते हैं और नुकसान भी पहुंचाते हैं।व्यापारियों ने कई बार मंडी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। कृषि उपज मंडी में सुरक्षा के लिए एक दर्जन सुरक्षा गार्ड कागजों पर चल रहे हैं। शिकायत है कि द्वार पर जो सुरक्षा गार्ड तैनात किए हैं, वह मोबाइल चलाने में या फिर अन्य कार्य करने में व्यस्त रहते हैं। गार्ड मवेशियों को मंडी परिसर में प्रवेश करने से रोक नहीं पा रहे हैं। इन मवेशियों से व्यापारी बहुत परेशान हो चुके हैं।

मवेशी उनके अनाज को तो खाती हैं साथ में वहां गोबर और मल मूत्र करके उपज को नुकसान भी पहुंचाती है। मंडी के व्यापारियों ने इस संबंध में मंडी सचिव प्रवीण चौधरी को भी बताया है। व्यापारियों ने मंडी के प्रशासक एसडीएम आनंद सिंह राजावत से मांग की है कि इस समस्या की ओर ध्यान देकर मंडी में मवेशी के प्रवेश पर सख्ती के साथ रोक लगाई जाए।

## जो चलता है वही अपना लक्ष्य प्राप्त करता है : गीता मां

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जो वन गया वह बंध गया। जो थक गया, वह रह गया। जो डर गया, वह मर गया और जो चल पड़ा वह लक्ष्य तक पहुंच गया। संस्कार का जो बीज बोया है, वह आज नजर आ रहा है । सेवानिवृत्त डॉ अतुल उपाध्याय ने अपनी सरकारी नौकरी की शुरुआत आष्टा से की ओर उसका समापन भी इतना शानदार यहीं पर किया। यह बातें सेवानिवृत्त डॉ. अतुल उपाध्याय द्वारा आयोजित आभार 40 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भोपाल के मां आशापुरा दरबार की प्रमुख गीता मां ने कही। इस अवसर पर नेत्र शिविरों में सहयोग करने वाले स्वर्गवासी सहयोगियों के परिजनों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय सैयद नवाब अली, अरुण वोहरा, अशोक शीतल की सुखद स्मृतियां में उनके परिजनों को सम्मानित किया। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि सामाजिक कार्य कठिन तब होते हैं। इस कसौटी पर चल कर डाक्टर अतुल ने हजारों नेत्र रोगियों को रोशनी प्रदान करने शताधिक नेत्र शिविर आष्टा के दानदाताओं के सहयोग से आयोजित करवा कर आष्टा की सच्चे दिल से सेवा की है। कार्यक्रम को पत्रकार सुधीर पाठक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर श्वेतांबर जैन समाज के युवा संगठन तथा वरिष्ठों के सम्मान के साथ पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, डॉ. हीरा दुलोद्रिया, डॉ. प्रवीर गुप्ता, डॉक्टर यूके श्रीवास्तव, डॉ. मीना सिंगी का भी अभिनंदन किया।

## मौसम बदलाव के चलते किसानों को सताने लगी फसलों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अलनीनो, पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान की सक्रियता समाप्त होने के बाद अब बादल छंटने से मौसम भी पूरी तरह साफ हो चुका है। जिससे दिसंबर के दूसरे सप्ताह के अंतिम दिनों में अब जाकर सर्दी भी अपना पूरा असर दिखा रही है। हालत यह है की बीते दो-तीन दिन से ठंडी हवा चल रही है। मंगलवार-बुधवार की रात ठंडी हवा के कारण न्यूनतम तापमान में 1.8 डिग्री की और गिरावट हुई। जिससे रात का पारा लुढ़ककर 7.8 डिग्री पर आ गया। अचानक बढ़ी इस सर्दी ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। शाम होते ही लोग अपने घरों की और दुबकने लगे। घरों के बाहर रहे लोगों ने अपने स्तर से अलाव जलाकर ठंड भगाने का प्रयास किया। गुरुवार की अलसुबह अंचल में हल्का कोहरा भी छाया रहा। इसके बाद ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया, जिससे नगर की मुख्य सड़कों पर सुबह के समय आवाजाही कम रही। दिन में मौसम सुहाना रहा। दिन का अधिकतम तापमान दूसरे दिन भी 26.7 डिग्री दर्ज हुआ। लेकिन इसी के साथ पूरे दिन मध्यम गति से चली ठंडी हवाओं के कारण लोगों को दिन में भी हल्की सर्दी का अहसास होता रहा। इधर लगातार बढ़ रही सर्दी के चलते लोग सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाकर ठंड भागने का प्रयास कर रहे हैं। विद्यार्थी, दूध सप्लायर आदि लोगों को ठिठुरन से परेशान होना पड़ रहा है। मौसम में हुए बदलाव के बाद अचानक बढ़ी सर्दी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि वर्तमान का मौसम गेहूं, चने की फसल के लिए लाभदायक है, लेकिन सब्जी, फूलों और धनिये को खेती के लिए यह मौसम नुकसान दायक हो सकता है। तापमान में एक दो डिग्री की गिरावट और होने पर किसानों को अपनी फसल की सुरक्षा के लिए कई प्रकार के प्रबंध करने पड़ेंगे। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बीएस मेवाड़ा ने बताया कि आगामी दिनों में तापमान में गिरावट देखी जाएगी।

### नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने निरीक्षण कर दिए निर्देश



**आष्टा।** प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, बेहसहारा लोगों के लिए दीनदयाल रसोई योजना के तहत 5 रूपये अल्प राशि जमा कर भरपेट भोजन की व्यवस्था प्रारंभ की है, जिसका संचालन स्थानीय नगरपालिका द्वारा कम्युनिटी हाल में किया जा रहा है। जिसका आज नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा अपने साथी नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम के साथ पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं एवं नागरिकों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री मेवाड़ा ने योजना से संबंधित नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आप अपनी निगरानी में यहां आने वाले गरीब, बेसहारा लोगों को भोजन की उचित गुणवत्ता के साथ व्यवस्था जो प्रारंभ हुई है वह अनवरत रूप से जारी रहे। किसी भी प्रकार की कमी या व्यवस्थाओं में लचरता आती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर शिवनारायण मेवाड़ा, विजय मेवाड़ा, वैभव मेवाड़ा भी मौजूद थें।

## बैठक में एसडीएम रजावत ने दी चुनाव की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर के कन्नौद रोड स्थित तहसील कार्यालय में एसडीएम रिटर्निंग ऑफिसर आनंद सिंह राजावत ने राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की। इसमें 2024 में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

निर्वाचन विभाग ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। निर्वाचन विभाग ने चुनाव आयोग के निर्देश पर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने और संशोधन करने का अभियान 20 दिसंबर से शुरू करने का निर्णय किया है। 1 जनवरी तक मिलने वाले सभी आवेदनों की जांच-पड़ताल के बाद 6 जनवरी को वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट लिस्ट जारी की जाएगी। वहीं 8 फरवरी को वोटर सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव के लिए चार नए मतदान केंद्र बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है। राजावत ने बताया कि विधानसभा के 157 आष्टा में आगामी लोकसभा निर्वाचन के पूर्व 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के लिए प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक में प्राकृतिक, भौगोलिक कारणों से चार नए मतदान केंद्र सृजित करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है।

साथ ही अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र से मतदाताओं को शिफ्ट कर मतदाताओं का युक्ति युक्तकरण करने के लिए भी सूची तैयार की। चार नए मतदान केंद्र में गऊखेड़ी, मिर्जापुर, दलपतपुरा एवं बरखेड़ी में बनाया जाना प्रस्तावित किया है। रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आनंद सिंह राजावत ने बताया कि वोटर सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन का काम शुरू हो रहा है। एक जनवरी 2024 को 18 साल पूरे होने वाले युवा अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-6, नाम हटवाने और संशोधन के लिए प्रपत्र 7-8 में आवेदन कर सकते हैं। लेकिन, जो व्यक्ति एक अप्रैल, एक जुलाई 2024 पूरे करने वाले है उनका वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का काम 6 जनवरी के बाद शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग हर साल 1 जनवरी को आधार मानते हुए मतदाता सूचियों का स्पेशल शॉर्ट रिव्यू किया जाता रहा है। आयोग ने नए और संशोधन दिशा-निर्देशों के अनुसार वोटर सूची में नाम जुड़वाने के लिए साल में 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और एक अक्टूबर निर्धारित की गई है।

## तहसीलदार और थाना प्रभारी ने बैठक में दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

शुक्रवार को तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले व थाना प्रभारी राम नारायण मालवीय द्वारा मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग भोपाल के परिपत्र के परिपालन में बैठक का आयोजन किया गया।

तहसीलदार और थाना प्रभारी ने बैठक में बताया कि धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र का किस प्रकार प्रयोग किया जाना है। इस संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। 24 घंटे के अंदर नियमों का पालन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी धर्म गुरुओं ने अपनी सहमति जताई। नियत समय सीमा में नियमों का पालन नही किए जाने की दशा में संबंधित पर अनुशासनात्मक कार्रवाई किये जाने चेतावनी दी गई। आयोजित हुई उक्त बैठक में नगर के सभी धर्म गुरू, पुजारी, मस्जिद के सदर, पत्रकार एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

धूप निकलने से दिन में राहत, शाम होते ही बढ़ने लगी ठंड

# कड़ाके की ठंड से बचने लोग ले रहे अलाव का सहारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मावठे के समय आसमान में छाए बादलों की डेनसिटी अब तक पूरी तरह से साफ नहीं हो सकी। इस कारण दिन व रात के पारे में ज्यादा बदलाव नहीं हो सका। हालांकि मंगलवार की शाम से ठंडी हवाओं का दौर शुरू हो गया। इससे सुबह और शाम के बाद ठंड बढ़ गई है। हालांकि दो दिनों से धूप में तेजी आई है।शाम के बाद ठंड से राहत हेतु अलाव जलाकर तापते हुए लोग नजर आ रहे हैं। दिसंबर की शुरुआत में ही वेस्टन डिस्टर्बेस के कारण मावठे के आसार बन गए। जो पिछले 4-5 दिनों से छंटते जा रहे हैं, लेकिन अब तक पूरी तरह से आसमान से बादलों की छंटनी नहीं हो सकी, हालांकि मंगलवार - बुधवार को सुबह से ही सूरज की धूप खिल गई और पूरे दिन धूप रही। इससे ठंड से कुछ हद तक राहत मिल गई, लेकिन शाम होते ही मौसम ने करवट बदल ली। ठंड बढ़ने के साथ ही सर्द हवाओं का दौर शुरू हो गया।

धूप के कारण दिन के तापमान में कुछ बढ़ोतरी हुई। 24.6 डिग्री से बढ़कर पारा 24.9 डिग्री हो गया। वहीं रात के पारे में हलकी गिरावट हुई। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बीएस मेवाड़ा ने बताया कि आगामी 17 दिसंबर तक छुटपुट बादलों के रहने के आसार हैं। साथ ही उत्तर-पूर्व की हवा 6 से 7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी।न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। किसान भाईयों को सलाह है कि गेहूं की फसल में पहली सिंचाई 20 से 25 दिन की अवस्था में करें और यूरिया का छिड़काव करें।

## महिला जागृति मंच ने मनाया आचार्य पुलक सागर का 29वां दीक्षा दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिनशरणम तीर्थ प्रणेता शांतिदूत की उपाधि से विभूषित पुलक महिला जागृति मंच के आशीर्वाददाता आचार्य भगवंत पुलक सागर महाराज के 29वें दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज में अभिषेक, शांति धारा, आरती एवं आराधना पुलक एवं महिला जागृति मंच मेन शाखा द्वारा भक्ति भाव के साथ की। पुलक मंच के नरेंद्र गंगवाल, मनीष जैन साक्षी, दीपक जैन कंचन ने की। वहीं महिला जागृति मंच मेन शाखा अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा गंगवाल आदि ने आराधना कर आचार्य पुलक सागर महाराज के दीर्घायु होने की कामना की। महिला जागृति मंच की प्रीति जैन ने बताया कि आचार्य गुरुवर 108 श्री पुलक सागर महाराज के 29वें दीक्षा दिवस के अवसर पर नेमिनगर स्थित श्री नेमिनाथ जिनालय में पुलक मंच मेन एवं महिला जागृति मंच मेन ने प्रथम शांति धारा बोली के माध्यम से प्राप्त कर श्रीजी की शांति धारा अभिषेक जितेंद्र जैन जेके, भूपेंद्र जैन एवं सुनील जैन ने कर गुरुवर के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।